## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए सभी तैयारियां पूर्ण

**कक्षा 9वीं के लिए 125 सीट स्वीकृत**

**रायगढ़।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा रायगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2024-25 से कक्षा 9 वीं हेतु प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित एवं संचालित किया जाना है। इसकी स्थापना हेतु लाईवलीहुड कालेज गढ़उमरिया, रायगढ़ का चयन किया गया है तथा उसके सुचारू संचालन हेतु बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था पूर्ण कर ली गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए राज्य में प्रयास विद्यालय अपनी उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता के लिए पहचाने जाते है, जिसका वर्ष 2024-25 से रायगढ़ जिले में शुभारंभ किया जा रहा है। उक्त विद्यालय में प्रवेश हेतु काउंसलिंग की प्रक्रिया राज्य स्तर से संपादित की जा रही है, जिसमें शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 9 वीं हेतु 125 सीट स्वीकृत है। उन्होंने आगे बताया कि विद्यालय के सफल संचालन हेतु प्रशासकीय अधिकारी सह प्राचार्य, अधीक्षक, अन्य लिपिक वर्ग एवं भृत्यों को कार्य करने के लिए आदेशित किया गया है। प्रयास आवासीय विद्यालय में अध्यापन एवं कोचिंग कार्य के लिए राज्य स्तर से चौखम्भा सोसाईटी को अनुबंधित कर उच्च स्तरीय शिक्षक उपलब्ध कराये जायेंगे।

### स्वतंत्रता दौड़ 14 अगस्त को

**प्रात: 7.30 बजे कलेक्टोरेट परिसर से निकलेगी स्वतंत्रता दौड़**

**रायगढ़।** 14 अगस्त को प्रात: 7.30 बजे से स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। स्वतंत्रता दौड़ कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर से निकलेगी, जो डिग्री कालेज, जिला पंचायत रोड से होकर शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम, रायगढ़ में समाप्त होगी। सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने स्वतंत्रता दौड़ में शहर के समस्त नागरिकगणों, छात्र-छात्राओं, खिलाड़ी, जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी-कर्मचारियों को शामिल होने हेतु कहा है।

### छत्तीसगढ़ में अब तक 756.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 756.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 12 अगस्त सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1698.3 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 377.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 687.1 मिमी, बलरामपुर में 1022.2 मिमी, जशपुर में 573.6 मिमी, कोरिया में 717.3 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 744.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 658.5 मिमी, बलौदाबाजार में 790.9 मिमी, गरियाबंद में 732.9 मिमी, महासमुंद में 545.3 मिमी, धमतरी में 705.8 मिमी, बिलासपुर में 695.0 मिमी, मुंगेली में 725.7 मिमी, रायगढ़ में 633.5 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 419.2 मिमी, जांजगीर-चांपा में 719.7 मिमी, सक्ती 608.2 कोरबा में 962.5 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 691.2 मिमी, दुर्ग में 485.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 597.6 मिमी, राजनांदगांव में 812.6 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी में 915.9 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 559.3 मिमी, बालोद में 835.6 मिमी, बेमेतरा में 433.7 मिमी, बस्तर में 838.1 मिमी, कोण्डागांव में 786.2 मिमी, कांकेर में 1005.5 मिमी, नारायणपुर में 914.2 मिमी, दंतेवाड़ा में 997.0 मिमी और सुकमा जिले में 1073.3 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

# पुलिस मुख्यालय में डायल 112 के कर्मचारियों को डीजीपी ने किया सम्मानित

**रायगढ़**



दिनांक 12.08.2024 को पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा (भा.पु.से.) द्वारा डायल 112 के कर्मचारियों द्वारा दिनांक 24.07.2024 की सुबह 11:25 बजे डायल 112 कमाण्ड सेंटर रायपुर मे सूचना प्राप्त हुई कि जिला रायगढ़ थाना धरमजयगढ़ ग्राम आमापाली रेलवे ट्रैक के समीप एक युवक करंट से झूलस गया है। ईआरव्ही में तैनात आरक्षक 131 जयप्रकाश एक्का को तत्काल रवाना किया गया। घटनास्थल पर पहुँची ईआरव्ही टीम के सदस्य आरक्षक क्रं0 131 जयप्रकाश एक्का ने देखा कि घायल युवक रेलवे ट्रैक के आउटर साईड में था जहाँ डायल 112 वाहन का पहुँचना संभव नहीं था टीम ने वाहन को सड़क किनारे खड़े कर पैदल ही घटनास्थल पर पहुँची जहाँ रेलवे ट्रैक के खंभे के नीचे करंट से झुलसा युवक मिला जिसके कमर में भी काफी चोटे आने से पीड़ित युवक खड़ा नहीं हो पा रहा था। टीम को ज्ञात हुआ कि युवक मानसिक रूप से कमजोर है जो रेलवे ट्रैक के किनारे स्थित खंभे के ऊपर चढ़ गया था जिससे वह करंट के चपेट में आ गया था। डायल 112 स्टाफ द्वारा घायल युवक के परिजनों का पता लगाकर सूचना दी गई और गांव वालो के सहयोग से एक लकड़ी का स्ट्रेचर तैयार किये और घायल को लिटाकर करीब डेढ किलोमीटर तक चलकर डायल 112 वाहन तक लाये और तत्काल डायल 112 वाहन से पीड़ित को सीएचसी धरमजयगढ़ ले जाकर भर्ती कराया गया। घायल युवक अमित कुमार अगरिया (उम्र 18 साल) निवासी लक्ष्मी नगर थाना धरमजयगढ़ के पिता ने बताया कि उसके बेटे की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, वह घर पर ही रहता है। परन्तु कल रात्रि 03:00 बजे उठकर घर के दरवाजे को बाहर से बंद कर भाग गया था। हम कल रात से ही उसे गांव में खोज कर रहे थे। डायल 112 के स्टाफ द्वारा सेवाभाव से किये गये कार्य की पीड़ित के परिजन द्वारा प्रशंसा की गई।

इसी कड़ी में दिनांक 24.07.2024 की शाम समय 16:22 बजे डायल 112 कमाण्ड सेंटर रायपुर मे सूचना प्राप्त हुई कि जिला बिलासपुर में लगातार अत्यधिक बारिश होने से थाना रतनपुर क्षेत्र के ग्राम लिम्हा के एक घर में पानी भर गया है जिसमे परिवार के 1 माह के बच्चे सहित 7 महिलाएँ एवं बुजुर्ग फंसे हुए हैं। सूचना ईआरव्ही रतनपुर ईगल-1 टीम में तैनात आरक्षक 1328 बसंत दास मानिकपुरी को तत्काल रवाना किया गया। देहात क्षेत्र होने एवं रास्ता अत्यधिक ख़राब होने के बाद भी ईआरव्ही टीम 18 मिनट में घटना स्थल पर पहुँची। जहाँ पूरा क्षेत्र जलमग्न हो चुका था तथा पीड़ित कौषल्या पोरते के घर का प्रथम तल तक का हिस्सा पानी में डुबा हुआ था। पीड़ित कौषल्या पोरते के परिवार के सभी सदस्य छत पर मदद के इंतज़ार में बैठे हुए थे, जिनके साथ एक सात माह का बच्चा सहित महिला व बुजुर्ग भी थे। ऐसे में ईआरव्ही में तैनात आरक्षक 1328 बसंत दास मानिकपुरी अपनी जान की परवाह किए बगैर कमर के ऊपर तक के पानी में नन्हे बच्चे समेत सभी सदस्यों को एक-एक कर सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस दौरान आरक्षक ने एक माह के षिषु को अपनी गोद में उठाकर सुरक्षित स्थान तक लाया। डायल 112 टीम द्वारा साहस, सूझबूझ व कर्त्तव्य परायाणता का परिचय देते हुए बाढ़ में फंसे कौषल्या पोरते के परिवार को विकट परिस्थिति में समय पर आपातकालीन सहायता पहुँचाने के फलस्वरूप परिवार व ग्रामीणों द्वारा आभार व्यक्त करते हुए डायल 112 टीम को धन्यवाद दिया गया।

डायल 112 टीम के कर्मचारी जिला रायगढ़ आरक्षक 131 जयप्रकाश एक्का एवं चालक अमित भगत एवं जिला बिलासपुर के आरक्षक 1328 बसंत मानिकपुरी एवं चालक सुखीराम डोंगरे को पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा (भा.पु.से.) द्वारा नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, इस अवसर पर अति. पुलिस महानिदेशक प्रदीप गुप्ता, पुलिस अधीक्षक (डायल 112) अविनाश ठाकुर, एवं डायल 112 के स्टाफ उपस्थिति रहे।

## दो आईपीएस अफसरों के प्रभार में फेरबदल

**रायपुर | आरएनएस**

छत्तीसगढ़ सरकार के गृह विभाग द्वारा दो आईपीएस अफ सरों के प्रभार में फेरबदल किया गया है। इस आशय से गृह विभाग ने आदेश जारी किया है। जिसमें आईपीएस अरुण देव गौतम और नेहा चंपावत का नाम शामिल है।

जारी आदेश के अनुसार अरूण देव गौतम सचिव छग शासन,गृह विभाग की सेवाऐं सामान्य प्रशासन विभाग से प्रतिनियुक्ति से वापस लेते हुए अस्थायी रूप से महानिदेशक,नगर सेवा एवं नागरिक सुरक्षा अग्निशमन सेवाएं छग रायपुर के पद पर पदस्थ करते हुए संचालक लोक अभियोजन छग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं नेहा चंपावत पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर की सेवाऐं सचिव छग शासन,गृह विभाग मंत्रालय नवा रायपुर के पद पर पदस्थ करने हेतु सामन्य प्रशासन विभाग को प्रतिनियुक्ति पर सौंपा गया है।

## विवाहित युवक ने शादी का झांसा देकर नाबालिग का किया शारीरिक शोषण, जूटमिल पुलिस की त्वरित कार्यवाई में आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़**

जूटमिल थाना क्षेत्र में युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है, जहां एक युवती ने कल सूरज पाण्डेय के खिलाफ शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने की शिकायत दर्ज कराई है। युवती ने बताया कि वह पिछले दो वर्षों से रायगढ़ में काम कर रही है और इसी दौरान मई 2023 में उसकी मुलाकात सूरज पाण्डेय से हुई थी, जिसने खुद को अविवाहित बताकर बातचीत शुरू की।

19 मई 2023 को, सूरज ने युवती को अपने माता-पिता से मिलवाने के बहाने अपने घर ले गया, जहां उसने नाबालिग होने के बावजूद शादी का वादा कर जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद भी, सूरज ने युवती को अपने पुराने मकान और अन्य स्थानों पर ले जाकर शोषण किया। युवती ने बालिग होने पर शादी का दबाव डाला, तो सूरज बहाने बनाता रहा। बाद में युवती को पता चला कि सूरज पहले से ही शादीशुदा है और उसका एक



बच्चा भी है।

जूटमिल थाने में सूरज पाण्डेय के खिलाफ कल युवती रिपोर्ट दर्ज करायी, आरोपित पर अप.क्र. 360/2024 धारा 69,64 (2)(ड), बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। जूटमिल थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज ने अपनी टीम के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सूरज पाण्डेय को गिरफ्तार कर 24 घंटे के भीतर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल मजबूत हुआ है।

## गुम इंसान की सघन खोजबिन में हुआ घटना का खुलासा, जंगली सूअर के अवैध शिकार में करंट लगने से हुई थी व्यक्ति की मौत

- **अपराध छिपाने जंगल में शव छिपाकर हुए थे फरार, पुलिस ने सबूत जुटाकर आरोपियों को किया गिरफ्तार**
- **गैर इरादतन हत्या और साक्ष्य छिपाने के अपराध में चक्रधरनगर पुलिस ने दोनों आरोपियों को भेजा रिमांड पर, गए जेल**

**रायगढ़**



चक्रधरनगर थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आया है। 09 अगस्त को ग्राम नटवरपुर के तेजकुमार धनवार ने अपने पिता सुग्रीव धनवार के 07.08.2024 से लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराया था। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि सुग्रीव धनवार (उम्र 60 वर्ष) की मौत बिजली के करंट से हुई थी, जो अवैध शिकार के लिए लगाए गए तार से हुआ है।

घटना के दिन (07 अगस्त) को सुग्रीव अपने भाई हीरालाल के साथ गांव बलभद्रपुर गए थे, जहां दोनों ने शराब पी थी। वापस लौटते समय जंगल रास्ते में सुग्रीव धनवार करंट लगने से वहीं गिर गया जिसे हीरालाल उसी हालत में छोड़कर घर लौट आया। अगले दिन जब सुग्रीव की तलाश शुरू हुई, तब हीरालाल ने घटना की जानकारी दी। सुग्रीव के घरवाले जंगल जाकर देखे वहां कोई नहीं मिला। तब खोजबिन कर थाने में गुम इंसान रिपोर्ट दर्ज कराये।

थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव ने घटना को गंभीरता से लेते हुए गुम इंसान जांच में लापता हुए सुग्रीव के घरवालों से पूछताछ का सिलसिला शुरू किया गया। इस दौरान गांव के गुड्डू धनवार (19 साल) की गतिविधि संदिग्ध पाई गई जिसे घटना के दिन के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने कबूल किया कि उसने और नीलकंठ राठिया उर्फ भूरी (23 साल) ने बलभद्रपुर जंगल में अवैध शिकार के लिए बिजली के तार लगाए थे, जिससे सुग्रीव की मौत हो गई थी। पकड़े जाने के डर से उन्होंने शव को जंगल में छिपा दिया था। पुलिस ने तत्काल धर पकड़कर आरोपी नीलकंठ राठिया को हिरासत में लिया। आरोपियों की निशानदेही में शव को बिछाये कंरट वाले स्थाने से काफी दूर झाडियों से बरामद कर मृतक के वारिसान से पहचान कराया गई। दोनों आरोपियों के खिलाफ अप.क्र. 371/2024 धारा 105, 238, 3(5)बीएनएस, 135 विद्युत अधिनियम का अपराध कायम कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से घटना में इस्तेमाल किए गए लगभग 1 किलो जेआई तार एवं जिस साइकिल शव को अन्यंत्र ले जाकर छिपाया गया उस साइकिल को भी बरामद कर लिया गया है। थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव के हमराह सहायक उप निरीक्षक नंद कुमार सारथी, प्रधान आरक्षक श्यामदेव साहू, हेमप्रकाश सोन आरक्षक सुशील मिंज और रूपराम साहू की आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी में अहम भूमिका रही है।

## 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत जिले में हो रहे विविध आयोजन

- **स्कूली बच्चों ने निकाली रैली, मानव श्रृंखला बनाकर दिए देशभक्ति का संदेश**

**रायगढ़**





आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 09 से 15 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसमें 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सभी भारतीय नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान जिला स्तर पर तिरंगा यात्राएं, तिरंगा रैलियां, तिरंगा दौड़ और मैराथन जैसे अनेक देश-भक्ति से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

हर घर तिरंगा अभियान देश प्रेम की भावनाओं से जुड़ा है और यह गौरवान्वित करने वाला क्षण है। हम अपने तिरंगा का सम्मान करते हैं। यह हमारे देश की पहचान होने के साथ ही हम सभी भारतवासियों में देश प्रेम की भावना को विकसित करता है। हम सभी भारतीय हर घर तिरंगा अभियान से जुड़कर देश के स्वतंत्रता सेनानियों, वीर सपूतों को सम्मान दें।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिले के सभी शासकीय स्कूलों में तिरंगा रैली एवं तिरंगा शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही तिरंगा का सम्मान घर-घर और आमजन तक पहुंचे इसके लिये स्कूलों में साईकल रैली और तिरंगा रैली का भी आयोजन किया गया। लैलूंगा विकासखण्ड के स्वामी आत्मानंद हायर सेकेण्डरी स्कूल लारीपानी के बच्चों द्वारा मनमोहक मानव श्रृंखला के माध्यम से तिरंगा अंकित किया गया। इसी तरह विकासखण्ड रायगढ़ के शासकीय हाईस्कूल ननसिया के विद्यार्थियों ने रैली निकालकर हर घर तिरंगा अभियान जुडऩे एवं तिरंगा के सम्मान हेतु आव्हान किए।

कार्यक्रम के अंतर्गत सभी शिक्षकों, बच्चों, पालकों, आमजन, जनप्रतिनिधियों, शाला प्रबन्ध समिति के सदस्यों से अपने घर में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिये प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही सभी से अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुये सेल्फी लेकर वेबसाइट harghartiranga.com में अपलोड करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है।

**स्वतंत्रता सप्ताह अंतर्गत होंगे विविध आयोजन-** जिले के सभी शासकीय शालाओं में 13 अगस्त को तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा 14 अगस्त को स्कूलों में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से संबंधित रंगोली बनायी जाएगी।

## सारंगढ़ और बरमकेला के होटल ढाबा आदि में छापामार कार्यवाही



**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

जिले क़े नागरिकों क़े बेहतर स्वास्थ्य क़े लिए कलेक्टर धर्मेश साहू ने खाद्य जाँच करने का आदेश दिया।आदेश क़े पालन में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुधा चौधरी और नमूना सहायक वरुण पटेल ने लगातार तीन दिन होटल, ढाबा और दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण कर सभी जगह से सैम्पल लिया गया। इसमें सारंगढ़ क़े अनिल किराना से नमक और रहेड दाल, सूरज होटल से 2 मिक्सचर, पेड़ा, रसगुल्ला और समोसा का शिकायत होने पर, राजेंद्र होटल से दो मिक्सचर, बर्फी, मलाई चाप मसूर दाल का सैम्पल, भवानी रेस्टोरेंट, छिंद के कान्हा किराना से गंगा राइस ब्रांच तेल और ताज़ा नमक, बरमकेला से मीनाश्री पानी पाउच का सैम्पल, जायसवाल ढाबा से दो सब्जी, जायसवाल फॅमिली ढाबा से दो सब्जी का सैम्पल लिया गया।

## नशा मुक्त भारत अभियान में स्वास्थ्य संस्थानों ने लिया भाग

**रायगढ़**



राज्य शासन से प्राप्त निर्देषानुसार आज समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में नशा मुक्त भारत अभियान में सर्वाधिक संख्या में जुड़े। देश की इस चुनौती को स्वीकार करते हुए आज नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत एकजुट होकर न केवल समुदाय, परिवार, मित्र, बल्कि स्वयं को भी नशा मुक्ति कराने के बदलाव हेतु शपथ ग्रहण कर संदेश दिया गया।

आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा ब्लॉक समन्वय एवं स्वास्थ्य पंचायत समन्वयकों की समीक्षा बैठक में खतरे वाली गर्भवती माताओं की समीक्षा करते हुए उनके यहां परिवार भ्रमण की स्थिति, बाल सहयोगी बैठक के विषय, उल्टी दस्त एवं मलेरिया, डेंगू बुखार की स्थिति, सर्पदंश मरीजों के चिकित्सा उपचार, ए.टी.पी.में दूरस्थ क्षेत्रों में कार्ययोजना, सिकल सेल, बाल सहयोगी बैठक, मोबाईल विडियो ऑडियो की उपयोगिता, मितानिन द्वारा किये जा रहे परिवार भ्रमण की फालोअप, कमजोर एम.टी. की पहचान कर उनको मजबूत बनाने की स्थिति पर चर्चा की गई। इस अवसर पर कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रायगढ़ में स्वास्थ्य पंचायत समन्वय, एम टी व वंदना गुप्ता, डी.सी., यशोदा चौहान, डी.सी., नर्मदा मैत्री, सी.सी. उपस्थित रहे।

## पालीटेक्निक कालेज ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ नशामुक्ति संगोष्ठी कार्यक्रम

- **जनजागृति रैली निकालकर नशामुक्त जीवन जीने के दिए संदेश**

**रायगढ़**






सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशन में समाज कल्याण विभाग के संयोजन में नशामुक्त अभियान के तहत विकसित भारत का मंत्र, भारत को नशे से स्वतंत्र प्रसंग को लेकर नशामुक्ति जागरूकता रैली, संगोष्ठी, शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के तहत समाज कल्याण विभाग द्वारा विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, सामाजिक संगठन, एनसीसी एनएसएस, के छात्र-छात्राओं द्वारा नशामुक्ति हेतु जनजागृति रैली निकाली गई। जिसको एडीएम संतन देवी जांगड़े ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली अम्बेडकर चौक से कलेक्टोरेट पंजरी प्लांट, मैरीन ड्राईव, हेमु कलाणी से चक्रधर नगर चौक होते हुए पालीटेक्निक ऑडिटोरियम पहुंची। इस दौरान रैली में विभिन्न नशामुक्ति श्लोगन के तख्ती लिए लोगों को नशामुक्त होने हेतु जागरूक किया गया।

पालीटेक्निक कालेज ऑडिटोरियम में आयोजित नशामुक्ति संगोष्ठी कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष नगर निगम पूनम सोलंकी एवं गुरूपाल भल्ला शामिल हुए। आयोजित संगोष्ठी में नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी ने कहा कि नशे के कारण पारिवारिक कलह के साथ जीवन बर्बाद हो रहे है। उन्होंने अपने एवं अपने परिवार के लिए नशे से दूर रहने की बात कही। इस दौरान उन्होंने समाज में व्याप्त नशे से संबंधित हालातों को साझा कर लोगों को नशामुक्ति की ओर अग्रसर होने के लिए आग्रह किया। गुरूपाल भल्ला ने नशे के व्यक्तिगत एवं सामाजिक नुकसान के बारे में जानकारी दी एवं नशामुक्ति से संबंधित सभी आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने हेतु कहा।

इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण शिवशंकर पाण्डेय, प्राचार्य पालीटेक्निक कालेज गबेल सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं जनसामान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन सुशील सिंह एवं भोजराम पटेल ने किया।

**बच्चों ने कार्यक्रम के माध्यम से दिए नशामुक्ति का संदेश-** आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में छोटे बच्चों, एनएसएस, एनसीसी, स्वयंसेवकों तथा अन्य संगठनों द्वारा नशामुक्ति हेतु नाटक एवं गीत के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश दिया गया। इस दौरान नशमुक्ति पर शपथ ग्रहण भी करवाया गया। कार्यक्रम में सभी कलाकारों और प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480